>

Title: Need to recover licence fee from big and multinational companies operating food outlets at railway stations-laid.

**श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर):** महोदय, रेलवे स्टेशनों पर फूड आऊटलेट बनाने का लाइसेंस बड़ी और मल्टीनेशनल कंपनियों ने लिया है । किन्तु इन बड़ी और मल्टीनेशनल कम्पनियों के यहां आई.आर.सी.टी.सी. के करोड़ों रूपये का लाइसेन्स फी बकाया है जिसकी वसूली नहीं की गई है । आई.आर.सी.टी.सी. के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं । इन कम्पनियों में टाटा काफी हल्दी राम, नेस्ले जैसी बड़ी कम्पनियाँ हैं । एक तरफ आई.आर.सी.टी.सी. घाटे की बात कहते हुए छोटे वेंडरों को स्टेशनों से हटा रही है । वहीं बड़ी बड़ी कम्पनियों पर करोड़ों का बकाया होने के बावजूद उसे वसूलना जरूरी नहीं समझ रही है ।

अतएव सरकार से मांग है जनहित और राजस्व में यथाशीघ्र करोड़ों रूपए की लाइसेंस फी वसूल की जाए ।